संख्या-6/2021/266/84-1-2021

प्रेषक,

प्रेमेन्द्र कुमार गुप्त
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0,लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 20 अप्रैल, 2021

विषयः- वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 21 के अन्तर्गत विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा संचालित राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन के संचालन हेतु प्राविधानित धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र दिनांक 01.04.2021 एवं वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनॉक 22 मार्च, 2021 में निहित निर्देशों के अधीन, मुझे यह कहने का निदेश हुआ है राज्य सरकार द्वारा राज्य उपभोक्ता हेल्पाइन के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में धनराशि रू0 5,00,000/-(रू0 पांच लाख मात्र) को निम्न शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल आपके निवर्तन पर रखने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं:-

(1) धनराशि का उपयोग स्वीकृत मद में वित्तीय हस्तपुस्तिका एवं वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों/स्थाई आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्राविधानित धनराशि की सीमा के अन्तर्गत किया जायेगा।

(2) प्राविधानित धनराशि का उपयोग उक्त योजना अन्तर्गत समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जायेगा एवं धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप पर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(3) उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में आय-व्ययक के अनुदान संख्या 21 के लेखाशीर्ष 3475 अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें-106- भार और माप का विनियमन-04- राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन -42- अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

(4) यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनॉक 22 मार्च, 2021 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(प्रेमेन्द्र कुमार गुप्त)
अनु सचिव।

संख्या- 6/2021/266/84-1-2021 तददिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट), प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।
3- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।
4- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, वित्तीय सांख्यकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एन0आई0सी0) योजना भवन, लखनऊ।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

8- खाद्य एवं रसद अनुभाग-3/लेखा अनुभाग, खाद्य एवं रसद विभाग/उ0सं0 एवं बाट माप अनुभाग-3

9- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(प्रेमेन्द्र कुमार गुप्त)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।